>

Title: Need to include Bhojpuri language in the Eighth Schedule to the Constitution of India.

श्री बैद्यनाथ प्रसाद महतो (बाल्मीकिनगर): सभापति महोदया, पूरे भारतवर्ष में भोजपुरी-भाषी व्यक्तियों की संख्या लगभग 15 करोड़ है। भारतवर्ष में कई ऐसे राज्य हैं, जहां के लोग प्रायः भोजपुरी भाषा का प्रयोग करते हैं। उदाहरण स्वरूप बिहार राज्य के पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण, सीवान, गोपालगंज, सारण, भोजपुर, बक्सर, सासाराम, भभुआ, औरंगाबाद, झारखंड के पलामू तथा उत्तर प्रदेश के बलिया, गोरखपुर, देवरिया इत्यादि जिलों में रहने वाले व्यक्तियों की मुख्य भाषा भोजपुरी है, परन्तु बड़े खेद के साथ कहना पड़ता है कि अभी तक उक्त भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं किया गया है। मैं सरकार से मांग करता हूं कि इसे अविलम्ब संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया जाए। धन्यवाद।